Janki Devi Bajaj Rajkiya Kanya Mahavidyalaya

Near Antaghar Circle, Nayapura, Kota-324001

Tel. No.: 0744-2324074 / Email: jdbcollege@gmail.com

Website: https://hte.rajasthan.gov.in/college/ggcskota

जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय कोटा

राष्ट्रीय कैडेट कोर (NCC) यूनिट - 7 राज गर्ल्स बटालियन कोटा

विश्व एड्स दिवस मनाया गया

दिनांक 01.12 2022 को जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय, कोटा एनसीसी (आर्मी विंग), एनएसएस इकाई प्रथम तथा रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में विश्व एड्स दिवस मनाया गया। इसके अंतर्गत एनसीसी कैडेट्स द्वारा नुक्कड़ नाटक तथा रैली का आयोजन किया गया। रैली में पोस्टर्स और बैनरो के माध्यम से लोगों को एड्स के प्रति जागरूक किया गया तथा एड्स को लेकर फैली भ्रांतियों को दूर किया। एनसीसी प्रभारी डॉ सरिता खंडेलवाल ने बताया एड्स महामारी के प्रति जागरूकता बड़ाने के लिए हर साल 01 दिसम्बर को विश्व एड्स दिवस मनाया जाता है। हम खुद को जागरूक तथा शिक्षित कर अपने परिवार समाज तथा देश को एड्स मुक्त बना सकते है। प्राचार्य डॉ संजय भार्गव ने बताया कि एड्स से पीड़ित लोगों के प्रति हमारा व्यवहार स्नेहपूर्ण होना चाहिए। वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ प्रतिमा श्रीवास्तव ने बताया कि सरकारी तथा गैर सरकारी संस्थाएं एड्स रोगियों की स्थिति को सुधारने की दिशा में कार्य कर रही है तथा 2030 तक विश्व को एड्स मुक्त करने का प्रयास किया जा रहा है।

जेडीबी छात्राओं ने एड्स जागरुकता रैली निकाली

संदेश न्यूज। कोटा.

जेडबी राजकीय कन्या महाविद्यालय, कोटा एनसीसी (आर्मी विंग), एनएसएस इकाई प्रथम तथा रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में विश्व एड्स दिवस मनाया गया।

इसके अंतर्गत छात्रों द्वारा नुक्कड़ नाटक तथा रैली का आयोजन किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से छात्राओं ने एड्स के प्रति लोगों को जागरूक किया तथा एड्स को लेकर फैली भ्रांतियों को दूर किया। प्राचार्य डॉ. संजय भार्गव ने बताया कि एड्स से पीड़ित लोगों के प्रति हमारा व्यवहार स्नेहपूर्ण होना चाहिए। वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. प्रतिमा श्रीवास्तव ने बताया कि सरकारी तथा गैर सरकारी संस्थाएं एड्स रोगियों की स्थिति को सुधारने की दिशा में कार्य कर रही है तथा 2030 तक विश्व को एड्स मुक्त करने का प्रयास किया जा रहा है।

रेड रिबन क्लब प्रभारी डॉ.जागृति मीणा ने बताया कि एड्स एक वायरस है, जो संक्रमण के कारण होता है। इसका ठोस इलाज नहीं है, लेकिन इसके प्रभाव को दवाइयों तथा उपचार के माध्यम से नियंत्रित किया जा सकता है। एनसीसी प्रभारी डॉ. सरिता खंडेलवाल ने बताया कि एड्स महामारी के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए एक दिसम्बर को विश्व एड्स दिवस मनाया जाता है। एनएसएस प्रभारी इकाई प्रथम प्रीती बैरवा ने बताया कि एड्स छूने से या साथ रहने से या साथ खाने नहीं फैलता है। हम खुद व जागरूक तथा शिक्षित कर अप परिवार समाज तथा देश को एड मुक्त बना सकते हैं।

तृतीय त्रैमासिक बैठक 12 को

संदेश न्यूज। कोटा. जिला स्तरी समिति की वित्तीय वर्ष की तृती त्रैमासिक बैठक जिला कलक ओपी बुनकर की अध्यक्षता सोमवार 12 दिसम्बर को सांय बजे कलेक्ट्रेट सभागार आयोजित की जाएगी।

Janki Devi Bajaj Rajkiya Kanya Mahavidyalaya

Near Antaghar Circle, Nayapura, Kota-324001

Tel. No.: 0744-2324074 / Email: jdbcollege@gmail.com

Website: https://hte.rajasthan.gov.in/college/ggcskota

प्राचार्य

जा. दे. ब. राजकीय कन्या महाविद्यालय, कोटा